माथापच्ची

1. तुमने देखा होगा घर में तरह-तरह की सब्ज़ियाँ आती हैं। किसी की पत्तियाँ सब्ज़ी बनाने के काम आती हैं तो किसी का तना, जड़ें, बीज और फल।

ये सब्ज़ियाँ पौधों का कौन-सा हिस्सा हैं?

टमाटर,

लौकी,

प्याज,

गाजर,

मूली,

अरबी

पालक,

मटर,

पत्ता-गोभी,

आलू।

2. नीचे लिखे शब्दों के क्रम में अगर थोड़ा उलटफेर कर दें तो भी सार्थक शब्द बनते हैं। जैसे -

फसल और **सफल**

कमल और **कलम**

अलसी और असली। क्या तुम केवल पाँच मिनट में ऐसे 10 और शब्द ढूँढ सकते हो ?

4. इसे ध्यान से देखो

$$48 \times 159 = 7632$$

इसमें 1 से लेकर 9 तक के सभी अंकों का इस्तेमाल हुआ है। क्या तुम ऐसे कुछ और उदाहरण ढूँढ सकते हो?

5. 30 को यदि तीन बार 5 का इस्तेमाल करके लिखना हो तो इस तरह लिख सकते हैं

$$5 \times 5 + 5 = 30$$

क्या तुम किसी और अंक का तीन बार इस्तेमाल करके 30 ला सकते हो? ज़रूरी नहीं कि तुम इन्हीं चिन्हों का इस्तेमाल करो।

6. एक लड़की अपना नाम थ्री माइनस इलेवन टू इलेवन बताती है। क्या तुम उसका नाम बता सकते हो?

3-11 211

3. मैं बरसातों में खूब दिखता हूँ। मेरे पैर नहीं है। मैं ज़मीन की अच्छी जुताई कर लेता हूँ। बताओ मैं कौन हूँ?